# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 19.06.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 02 भूमि विवाद, 02 मारपीट व 03 पारिवारिक विवाद तथा शेष 03 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया।**

आज दिनांक 19-06-2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला अस्पताल परिसर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र थाना त्रिलोकपुर पर महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 19.06.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र थाना त्रिलोकपुर पर महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। केन्द्र पर उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण -**

1 उ0नि0 ताल्लीमुदीन खान
2 म0आ0 प्रीती
3 रि0म0 का0 हिना अंसारी

**प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

## ◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सर्किल शोहरतगढ़ के सभी मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के सर्किल कार्यालय पर गोष्ठी की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 19-06-2026 को मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सर्किल कार्यालय पर मिशन शक्ति फेज-5(ii) के सफल क्रियान्वयन हेतु सर्किल क्षेत्र के समस्त थाना/चौकी स्थित मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता को और प्रभावी बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर व सार्वजनिक स्थानों पर एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा नियमित चेकिंग की जाए तथा महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098, 181 एवं महिला हेल्प डेस्क की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। महिला संबंधी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पीड़िता को हर संभव सहायता व न्याय दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 02 आरोपियो को जेल में बितायी गयी अवधि व प्रत्येक को ₹800-800/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को वाद सं0-1605/2015 NCR-25/2015 धारा 323,504भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.उदयराज यादव 02.झिनक यादव पुत्रगण श्री यादव निवासीगण परती बाजार थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 323, 504 भादवि में जेल में बितायी गयी अवधि प्रत्येक को ₹800-800/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को वाद सं0-563/2022 मुअसं0-84/2022 धारा 302.404,411 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायालय एएसजे/एफटीसी-II जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र मोतीलाल साहनी निवासी जंगल सकटी जंगल डुमरी-02 टोला मटिमरवा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक सन्तोष कुमार मिश्रा तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी श्रीनिवास थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना लोटन पुलिस द्वारा 01 नफ़र वारण्टी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्त एवं वारंण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली लोटन पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंट का सफलतापूर्वक तामील कराते हुए वारंटी बहादुर पुत्र बालकिशुन निवासी ग्राम निबिहवा टोला विशुनपुर थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध वाद संख्या-6000318/2015 से संबंधित न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट लंबित था। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार वारण्टी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण--**

01.बहादुर पुत्र बालकिशुन निवासी ग्राम निबिहवा टोला विशुनपुर थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 गोपाल यादव थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मुख्य आऱक्षी संजय गुप्ता थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 19.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ आगामी त्योहार मोहर्रम के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गस्त/फ्लैग मार्च किया गया।